दिन–सोमवार | दिनांक– 12/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. जहानाबाद के वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ में सात श्रद्धालुओं की मौत। बारह से अधिक लोग घायल।

02. प्रदेश में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, महानंदा और कोसी समेत विभिन्न नदियां उफान पर। पटना में गंगा, सोन और पुनपुन नदी का जलस्तर लाल निशान के पार।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में तेज बारिश के बाद हुए जल–जमाव की स्थिति का जायजा लिया। सितम्बर माह तक नगर निगम और बुडको के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द की गयीं।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हर भारतीय को उन पर गर्व है।

---

जहानाबाद के वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। इस हादसे में बारह से अधिक लोग घायल गए हैं। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि मृतकों में पांच महिला और दो पुरूष शामिल हैं। जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सावन की सोमवारी के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ सिद्धेश्वनाथ के दर्शन के लिए पहाड़ पर पहुंची थी, इसी दौरान देर रात करीब बारह बजे मंदिर के समीप भगदड़ होने से यह हादसा हुआ। स्थानीय सांसद सरेन्द्र प्रसाद यादव ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासन से मृतकों के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है।

–––बाईट–––

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के चलते गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, महानंदा और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार पटना में गंगा और सोन नदी उफान पर हैं। गंगा

का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पटना के गांधी घाट पर नदी का जलस्तर उनचास मीटर पहुंच गया है। भागलपुर के कहलगांव में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक मीटर से ऊपर दर्ज किया गया है। पुननुन नदी भी श्रीपालपुर में खतरे के निशान से छह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। पटना के मनेर में सोन नदी का जलस्तर भी लाल निशान के ऊपर पहुंच गया है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुर सीसवन में खतरे के निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और वैशाली के लालगंज में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बूढी गंडक नदी खगड़िया और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर बह रही है। बागती मुजफ्फरपुर के बेनीवाद और रून्नीसैदपुर में और महानंदा अररिया में खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि कई स्थानों पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से कई पंचायतों में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं।

———बाईट———

मुंगेर में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर गया है। जिले के धरहरा, जमालपुर, बरियारपुर और मुंगेर सदर प्रखंड की कई पंचायतो में बाढ़ जैसे हालत बन गए हैं। सदर प्रखंड की जाफरनगर, टिकारामपुर पंचायत पानी से घिर गयी है, जिससे आवगमन बंद हो गया। नए इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश होने से प्रभावित क्षेत्र के लोग पशुओ के साथ ऊँचे स्थानों और टीलों की ओर पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। मुंगेर से आकाशवाणी समाचार के लिए प्रशांत कुमार सिंह।

रोहतास जिले में सोन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने के कारण जलस्तर में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

सोन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने से नदी के जलस्तर बढ़ने की संभवना है। मुख्य अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों में सोन नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। इसके मद्देनजर इंद्रपुरी बराज के फाटकों को खुल कर बाढ़ नियंत्रण करने की कार्रवाई की जा रही है। उधर, जिला प्रशासन ने सोन तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ ही नाविकों और तैराकों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार।

---

पूरे प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण के कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पटना, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, कटिहार और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञाने केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान

राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी बारिश हुयी है। सीवान के दरौली में सबसे अधिक एक सौ अड़तीस दश्मलव आठ मिलीमीटर, पटना के दानापुर में एक सौ छब्बीस मिलीमीटर, नालंदा के सरमेरा में एक सौ बीस, सीवान के सिसवन में एक सौ छह दशमलव चार और पटना में छिहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड किया गया।

मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने राजधानी के कई निचले और पॉश इलाकों में जल–जमाव की स्थिति के मद्देनजर पटना के पहाड़ी स्थित पम्प हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के सभी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन को पूरी तरह से चालू रखने का निर्देश दिया है। वहीं, जल जमाव को लेकर नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने सभी अधिकारियों को निचले इलाकों में जल–जमाव से हुयी परिस्थिति को देखते हुए सुपर सॉकर मशीन लगाकर पानी निकालने के निर्देश दिये हैं। श्री नवीन ने सितम्बर माह तक नगर निगम और बुडको के सभी अधिकारियों की छुट्टीयों को रद्द करने के भी निर्देश दिये हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की पच्चीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर– **एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य** पर आमंत्रित हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

---

पेरिस ओलंपिक दो हजार चौबीस का समारोह पूर्वक भव्य समापन हो गया है। भारत छह पदकों के साथ, पदक तालिका में इकहत्तरवें स्थान पर रहा। भारतीय खिलाडियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल किये। दो हजार बीस के टोक्यो ओलंपिक में भारत पदक तालिका में अड़तालीसवें स्थान पर

था। और उसे एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक मिले थे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। पेरिस ओलंपिक में सोलह खेल स्पर्धा में कुल एक सौ सत्रह भारतीय खिलाडियों ने भाग लिया।

---

आज सावन की चौथी सोमवारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

–––म्यूजिक–––

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवरियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

–––म्यूजिक–––

इधर, मंदिरों और उसके आस–पास श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कई जिलों में मंदिरों के आस–पास मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है।

---

प्रदेश में सिपाही भर्ती के दूसरे चरण की परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय चयन पर्षद के अनुसार बेगूसराय में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे दो और कैमूर तथा गोपालगंज में एक–एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, नालंदा में एक और गोपालगंज में चार अभ्यर्थियों को परीक्षा से निष्कासित कर दिया है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस में शामिल होने वाले छात्रों का डमी एडमिटकार्ड जारी कर दिया है। समिति ने कहा है कि डमी एडमिटकार्ड में त्रुटी सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन समिति के पोर्टल पर चौदह अगस्त तक किया जा सकता है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** का शीर्षक है – पटना के चारों तरफ बड़ी नदियां लाल निशान के पार। उत्तर में गंगा, पश्चिम की ओर सोन और दक्षिण–पूर्व में पुनपुन उफनाई।

**दैनिक जागरण** लिखता है – पटना में जल–जमाव की स्थिति का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया जायजा। मुख्यमंत्री ने सभी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन को चालू रखने का दिया निर्देश।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है– वैशाली में मूल स्थान पर दोबारा स्थापित होगा बुद्ध का अस्थि कलश।

**प्रभात खबर** ने जमीन सर्वेक्षण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – जमीन सर्वेक्षण के लिए की जाएगी ग्राम सभा, जल्द शुरू होगा काम।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– फसलों की नई किस्मों से किसानों की बढेगी आय। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई फसल के किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की।

**आज** अखबार की सुर्खी है– हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर गरमायी राजनीति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जहानाबाद के वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ में सात श्रद्धालुओं की मौत। बारह से अधिक लोग घायल।

02. प्रदेश में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, महानंदा और कोसी समेत विभिन्न नदियां उफान पर। पटना में गंगा, सोन और पुनपुन नदी का जलस्तर लाल निशान के पार।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में तेज बारिश के बाद हुए जल–जमाव की स्थिति का जायजा लिया। सितम्बर माह तक नगर निगम और बुडको के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द की गयीं।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हर भारतीय को उन पर गर्व है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।